कार्यालय पुलिस उपमहानिरीक्षक,
झाँसी परिक्षेत्र, झाँसी

@rangejhansi

Taking A Bite Out Of Crime 24/7

असलहा समेत शातिर बदमाश दबोचा गया

झांसी (मऊरानीपुर)। मऊरानीपुर कोतवाली थाना पुलिस ने गश्त के दौरान शातिर बदमाश असलहा समेत धर दबोचा। पूछताछ के बाद उसे जेल भेज दिया है। लोकसभा चुनाव को लेकर कोतवाली प्रभारी अखिलेश के नेतृत्व पुलिस द्वारा लगाया अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध परिस्थितियों में पकड़ा गया है। उन्होंने बताया कि तलाशी के दौरान उसके पास से अवैध तमंचा और कारतूस बरामद हुआ है। उसने अपना नाम अरविंद सिंह तोमर निवासी पठाकरका बताया है। यह शातिर है। इस पर करीब 24 से अधिक आपराधिक मामले दर्ज हैं। पूछताछ के बाद उसे जेल भेज दिया है।

तमंचा समेत युवक गिरफ्तार

गरौठा (झाँसी) : टोला गाँव निवासी भूपेन्द्र पुत्र पन्ना लाल 315 बोर का तमंचा लेकर घूम रहा था। मुखबिर की सूचना पर एसएचओ वेद प्रकाश पाण्डेय की टीम ने टोला तिराहे के पास से घेरा बन्दी कर उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसके कब्जे से 315 बोर का तमंचा व 2 कारतूस बरामद कर लिया। टीम मे एसआई दिनेश कुमार गिरि व एसआइ विकास कुमार सहित अन्य पुलिस शामिल रहे। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध कार्यवाही कर गिरफ्तार कर लिया।

तमंचा व कारतूस सहित युवक गिरफ्तार

बबीना (झाँसी): थानाध्यक्ष अरूण कुमार तिवारी, चौकी प्रभारी भेल एसआइ शिवजीत सिंह, कौंस्टबल सुमित कुमार व लवकुश पाण्डेय ने शिव मन्दिर के पास आरा मशीन भेल से अशोक अहिरवार निवासी मजरा चन्द्रनगर ग्राम खजराहा बुजुर्ग को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने पकड़े गये आरोपी के पास से एक तमंचा 315 बोर व एक जिन्दा कारतूस बरामद किया। पुलिस ने पकड़े गये आरोपी के खिलाफ धारा 3/25 शस्त्र अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

19 हजार रुपये के साथ सटोरिया गिरफ्तार

संवाद सहयोगी, जालौन : सट्टा पर्ची व करीब 19 हजार रुपये के साथ चौकी पुलिस ने एक युवक को पकड़ लिया। पुलिस ने पकड़े गए युवक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

चौकी प्रभारी दमोदर सिंह को सूचना मिली कि देवनगर चौराहे के पास एक युवक सट्टे के नंबर लिख रहा है। सूचना मिलते ही वह पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए। जहां रोहित कुमार निवासी भवानीराम लोगों से 10 रुपये लगाने पर 90 रुपये मिलने का लालच देकर सट्टे के नंबर लिख रहा था। मौके पर पहुंची पुलिस को देखते ही युवक ने भागने का प्रयास किया लेकिन पुलिस ने घेराबंदी कर युवक को पकड़ लिया। पुलिस ने युवक के पास से डायरी, पेन, सट्टे के नंबर लिखी हुई पर्चियों के साथ 19 हजार रुपये बरामद किए। पुलिस ने युवक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली है।